पत्र संख्या : 7ब/4702 यो०ज०सं०–02/15 61

**झारखण्ड सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

**सुखदेव सिंह,**
प्रधान सचिव।

सेवा में,

**मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, दुमका;**
संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड।

रॉंची, दिनांक : 15-7-15

विषय :– माँग संख्या–50–लघु सिंचाई विभाग के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–4702–लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, लघु शीर्ष–101–सतही जल, उप शीर्ष–18–चालू लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण, विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण, 45–मुख्य निर्माण कार्य, विपत्र कोड–50P470200101180545 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–2016 में व्यय हेतु निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2015–2016 में व्यय हेतु बजट मुख्य शीर्ष **4702–लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय** के अंतर्गत संलग्न परिशिष्ट–1 में अंकित उप शीर्ष, विस्तृत शीर्ष एवं विपत्र कोड़ में दर्शाये गये कार्यालयों को आवंटन संसूचित किया जाता है :–

| क्र॰ | माँग संख्या/मुख्य शीर्ष | लघु शीर्ष/उप शीर्ष | विस्तृत शीर्ष/विपत्र कोड | आवंटित राशि (लाख रू॰ में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 50–लघु सिंचाई विभाग/ 4702–लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय | 101–सतही जल/ 18–चालू लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण | 05–निर्माण, 45–मुख्य निर्माण कार्य 50P470200101180545 | 134.70 |
| **आवंटित राशि – ₹ एक करोड़ चौतीस लाख सत्तर हजार मात्र।** | | | | |

2. आवंटित राशि वर्ष 2015–2016 के **बजट उपबंध रू॰ 600.00 लाख (छः करोड़)** मात्र के अंतर्गत है।

3. आवंटित राशि के निकासी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि॰ (2) दिनांक 17.04.98, 1800 (वि॰) दि॰ 15.07.2003 एवं 1681 दि॰ 10.06.15 के आलोक में होगा।

4. आवंटित राशि का व्यय प्रशासनिक स्वीकृति में वर्णित शर्त्तों का अक्षरशः पालन करते हुए तकनीकी स्वीकृति के अंतर्गत एवं परिशिष्ट 1 पर वर्णित कार्यों के अनुरूप किया जायेगा।

5. संबंधित मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधीक्षण अभियंता योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगें कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो।

6. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।

7. सरकारी नियम/अधिनियम यथा वन अधिनियम 1980 आदि का उल्लंघन नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाय।

8. राशि की निकासी कर उसे चालू/बचत खाता में नहीं रखा जाय।

(ओंकार नाथ)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि॰)

9. आवंटित राशि से दायित्व का भुगतान या अन्य मद में व्यय बिना अनुमति के नहीं किया जाय।

10. जिस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उसी शीर्ष के अंतर्गत भारित करेंगें। प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो, अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

11. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

12. AIBP योजनाओं के लिए MOU में भारत सरकार द्वारा अंकित सभी अनुदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। साथ हीं तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को ससमय उपलब्ध कराया जाय।

13. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

14. विभिन्न इकाई मदों में आवंटित राशि से यदि राशि बच जाती है तो उसका इकाईवार प्रत्यर्पण 31 जनवरी 2016 तक निश्चित रूप से कर देंगे। राशि का प्रत्यार्पण कार्यवार, उप शीर्षवार किया जाय तथा जिस Access No से आवंटन प्राप्त हुआ था उसको भी अंकित करना आवश्यक है।

**नोट : आवंटित राशि को Online Allotment System द्वारा निर्गत किया जा चुका है जिसका Access no** परिशिष्ट–1 **के स्तंभ–12 में अंकित है। यह आवंटनादेश जल संसाधन विभाग के वेब साईट (http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।**

**अनु० :– यथोक्त**

Sukhdev 14/7

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 61 रॉची, दिनांक :– 15-7-15

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक०) झारखण्ड, पो० – **हिनू, रॉची/कोषागार** पदाधिकारी, **राँची/डोरण्डा/गिरिडीह/दुमका** सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु० :– यथोक्त**

Sukhdev 14/7

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 61 रॉची, दिनांक :– 15-7-15

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित उपायुक्त,/सचिव योजना एवं विकास विभाग/आंतरिक वित्तीय सलाहकार जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता (मो०) राँची/अभियंता प्रमुख – I एवं II जल संसाधन विभाग /संयुक्त सचिव (अभि०)/उप सचिव (अभि०) जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/सांख्यिकी पदाधिकारी जल संसाधन विभाग/ प्रधान सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची/वेब सूचना प्रबंधक, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु० :– यथोक्त**

| | | |
|---|---|---|
| (ओंकार नाथ) | (मुक्ति साधन चौरसिया) | Sukhdev 14/7 (सुखदेव सिंह) |
| सहायक अभियंता | उप सचिव (अभि०) | प्रधान सचिव |

पत्रांकः –......61......... /राँची, दिनांक– ....15-7-15.....

परिशिष्ट–1



माँग संख्या–50–लघु सिंचाई विभाग
मुख्य शीर्ष – 4702 लघु सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय
लघु शीर्ष –101–सतही जल,
उपशीर्ष – 18– चालू लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण
विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण 45 मुख्य निर्माण कार्य
विपत्र कोड–50P470200101180545
बजट उपबंध (वर्ष 2015–16) रू॰ 600.00 लाख (छः करोड़) मात्र।

(राशि – लाख ₹ में)

| क्र॰ | कार्यालय का नाम | जिला | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | प्रशासनिक स्वीकृति का राशि | मार्च 2015 तक का व्यय | वित्तीय वर्ष 2015–16 में आवंटन पूर्व का आवंटन | वर्त्तमान आवंटन | कुल आवंटन | On-line Allotment Access No. | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | लघु सिंचाई प्रमंडल, गिरिडीह (GRDMIR001) | गिरिडीह | जमुआ | मुण्डाटांड नाला पर चेकडैम निर्माण | 04/18.05.12 | 31.540 | 58.536 | 0.00 | 134.70 | 134.70 | 47544 | |
| | | | जमुआ | कटरियाटांड नाला पर चेकडैम निर्माण | | 32.200 | | | | | | |
| | | | जमुआ | सिमरसोती नाला पर चेकडैम निर्माण | | 32.170 | | | | | | |
| | | | बिरनी | नारंगो नाला पर चेकडैम निर्माण | | 33.230 | 62.760 | | | | | |
| | | | बिरनी | गुरहा नाला पर चेकडैम निर्माण | | 35.110 | | | | | | |
| | | | बिरनी | धरमपुर नाला पर चेकडैम निर्माण | | 29.920 | | | | | | |
| | | | देवरी | गादीदीधी नाला पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम का निर्माण | | 95.240 | 64.806 | | | | | |
| | | | जमुआ | कजरी नाला पर चेकडैम निर्माण | 24 / 12–13 दि0–25.10.12 | 26.700 | 24.457 | | | | | |
| | | | जमुआ | जरीडीह नाला पर चेकडैम निर्माण | | 26.620 | 23.951 | | | | | |
| | | | देवरी | करमानाला पर चेकडैम निर्माण | | 39.680 | 21.235 | | | | | |
| | | | बगोदर | दोन्दलो नाला पर चेकडैम निर्माण | 18/16.09.11 | 27.713 | 25.811 | | | | | |
| | | | गिरिडीह | नावाडीह नाला पर चेकडैम निर्माण | | 31.565 | 31.622 | | | | | |
| | | | बिरनी | नावाडीह नाला पर चेकडैम निर्माण | | 31.933 | 0.000 | | | | | |
| | | | बगोदर | कारीटांड नाला पर चेकडैम निर्माण | | 23.180 | 16.081 | | | | | |
| | | | सरिया | चिरुवॉं नाला पर चेकडैम निर्माण | | 25.487 | 18.302 | | | | | |
| | | | बेंगाबाद | नावाडीह नाला पर चेकडैम निर्माण–I | 4/18.05.12 | 23.630 | 22.501 | | | | | |
| | | | | | | | योग | **0.00** | **134.70** | **134.70** | | |

आवंटित राशि – ₹ एक करोड़ चौतीस लाख सत्तर हजार मात्र।

(ओंकार नाथ)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि॰)

(सुखदेव सिंह) 14/7
प्रधान सचिव